सोमवार 09 मार्च 2020
हिन्दुस्तान

सेक्टर-76 और परी चौक पिंक मेट्रो स्टेशन बने, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभारंभ किया गया

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का काम एक महीने में शुरू होने की उम्मीद

दावा

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का काम एक महीने में शुरू हो जाएगा। इसके अलावा एक्वा लाइन के सेक्टर-142 को बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक जोड़ने के लिए अलग लाइन की योजना पर भी काम तेजी से चल रहा है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने यह बातें पिंक मेट्रो स्टेशन के शुभारंभ अवसर पर कहीं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को सेक्टर-76 व परी चौक को पिंक मेट्रो स्टेशन बनाया गया है।

पिंक मेट्रो स्टेशन के शुभारंभ के अवसर पर भारत सरकार के केबिनेट सचिव राजीव गौबा की पत्नी पम्मी गौबा और औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टंडन की पत्नी रीना टंडन भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत में बेस्ट स्मार्ट सिटी इम्पावरिंग इंडिया अवार्ड-2020 से नोएडा प्राधिकरण को नवाजे जाने पर सीईओ रितु माहेश्वरी को सम्मानित किया गया।

इसके बाद एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक व नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा कि एनएमआरसी में विभिन्न पदों पर 25 से 30 प्रतिशत महिला कर्मचारी काम कर रही हैं। इससे साफ पता चलता है कि महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं। आने वाले समय में महिलाओं से जुड़ी और भी सुविधाएं स्टेशनों पर देंगे।

सीईओ ने बेहतर काम करने छह महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। इनमें बेस्ट फीमेल स्टेशन कंट्रोल के लिए अनुप्रिया सेन, बेस्ट फीमेल ट्रेन ऑपरेटर के लिए निशा, बेस्ट फीमेल सिगनल सुपरवाइजर के लिए आंकाक्षा श्रीवास्तव, बेस्ट फीमेल रॉलिंग स्टॉक सुपरवाइजर के लिए मधुलिका कुमारी, बेस्ट फीमेल इलेक्ट्रीकल मेनटेनर के लिए भावना अहिरवार, बेस्ट फीमेल ट्रैक मेनटेनर के लिए कुसुम देवी व बेस्ट फीमेल सिविल ट्रैक सुपरवाइजर के लिए नेहा राय को अवार्ड दिया गया। केबिन सचिव की पत्नी पम्मी गौबा ने कहा कि पिंक स्टेशन की परिकल्पना को बहुत कम समय में रितु माहेश्वरी ने साकार किया है।

पहले चरण में पांच स्टेशन



देरी : अभी सलाहकार का मूल्यांकन हो रहा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो लाइन का काम एक महीने में शुरू होना मुश्किल है। अभी तक इस लाइन के काम के लिए सिविल का टेंडर जारी नहीं हुआ है। अभी कंसल्टेंसी टेंडर खुला है, इसका मूल्यांकन किया जा रहा है। सिविल के काम का टेंडर मार्च के अंत तक जारी हो पाएगा। ऐसे में जून-जुलाई से पहले काम शुरू होने की उम्मीद नहीं है।

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो के पहले फेज में पांच मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे जिनमें सेक्टर-122, 123, सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा और सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा स्टेशन हैं।

-रितु माहेश्वरी, सीईओ, नोएडा

रविवार को सेक्टर-76 पिंक मेट्रो स्टेशन पर महिलाओं को सम्मानित किया गया।

26 हजार यात्री रोजाना सफर कर रहे हैं नोएडा-ग्रेनो रूट पर चल रही मेट्रो में

पिंक स्टेशन पर ये सुविधाएं मिलेंगी

पिंक मेट्रो स्टेशन पर स्तनपान के लिए कमरा, डायपर चेंजिग रूम, मैकअप रूम आदि सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। ये सभी सुविधाएं मुफ्त में मिलेंगी।

इस तरह के तीन और स्टेशन बनाने की तैयारी

अधिकारियों ने बताया कि इस लाइन के तीन और स्टेशनों को पिंक मेट्रो स्टेशन बनाने की योजना है। जल्द ही इनको चिह्नित कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

सभी स्टेशनों पर सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन

सभी मेट्रो स्टेशनों पर सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाई गई है। इस मशीन को संचालित करने के लिए टोकन सभी स्टेशनों के कस्टमर केयर काउंटर पर उपलब्ध होंगे। इन मशीनों को मास एनजीओ ने अपने अभियान निर्मल्य-एक कोमल पहल के तहत एसीई ग्रुप के सहयोग से स्थापित किया है। ये सभी सुविधाएं महिलाओं को मुफ्त में दी जाएंगी।

रोबोट मेट्रो स्टेशनों की कमान संभालेगा

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

कार्यक्रम की शुरुआत में रविवार को रोबोट ने एनएमआरसी की लाइन और इस कार्यक्रम के बारे में साउंड के जरिए परिचय दिया। रोबोट को नीति का नाम दिया गया है। अब रोबोट को स्टेशनों पर कई व्यवस्थाओं का जिम्मा दिए जाने की तैयारी है। टिकट काउंटर और कस्टमर सेंटर पर रोबोट को बैठाया जाएगा।

लोगों को टिकट यही देगा। स्टेशन कितने हैं, कितनी दूर पार्किंग है, बस कहां से मिलेगी, जैसे तमाम सवालों के जवाब रोबोट देगा। रोबोट के पास कर्मचारी सिर्फ मदद के रूप में काम करेंगे। रविवार को कार्यक्रम में रोबोट का डिस्प्ले किया गया। रोबोट का प्रयोग करने वाले मिथ मीडिया के प्रेजिडेंट मिथलेश ने बताया कि इसके हार्डवेयर की कीमत 15 से 20 लाख रुपये है। 19 भाषाओं में इसकी प्रोग्रामिंग है।

हिंदी और अंग्रेजी में अभी इसका प्रयोग किया जा रहा है। रोबोट को विदेश से मंगाते हैं। इसमें प्रोग्राम सेट करते हैं। प्रिंटर से अटैच करने के बाद यह काम करना शुरू कर देता है। फेश लॉक, कैमरे व आई कांटेक्ट के जरिए यह काम करता है। रियल टाइम प्रोसेस करता है। यह 24 घंटे काम कर सकता है।

यह रोबोट देगा जानकारी। • सलमान अली